# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2016

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2016

**(ANNUAL / वार्षिक)**

# ECONOMICS

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

SECTION - A

निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 40 में केवल एक ही उत्तर सहीं है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से आपको सही उत्तर चुनना है

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र अध्ययन है

(a) व्यक्तिगत उपभोक्ता का

(c) व्यक्तिगत उद्योग का

(b) व्यक्तिगत फर्म का

(d) इनमें से सभी

2. उत्पादन तकनीक के चयन का अर्थ है

(a) क्या उत्पादन करें

(b) कैसे उत्पादन करें

(c) किसके लिए उत्पादन करें

(d) इनमें से कोई नहीं

Biharboardquestionpaper.com

3. सम-सीमान्त उपयोगिता नियम के प्रतिपादक थे

(a) मार्शल

(b) गोसेन

(c) रिकार्डो

(d) मिल

4. पेट्रोल की कीमत में वृद्धि से गाड़ी की माँग में

(a) वृद्धि होगी

(b) कमी होगी

(c) स्थिरता आयेगी

(d) परिणाम अस्पष्ट है

5. यदि वस्तु की माँग में आनुपातिक परिवर्तन, वस्तु के मूल्य में आनुपातिक परिवर्तन के बराबर हो तो माँग की लोच

(a) पूर्णतः लोचदार है

(b) पूर्णतः बेलोचदार है

(c) इकाई के बराबर है

(d) शून्य के बराबर है।

6. उत्पाद किसका फलन है ?

(a) वस्तु की कीमत का

(b) वस्तु की लागत का

(c) वस्तु की उत्पादित मात्रा का

(d) उत्पादन के संसाधनों का

BiharboardQuestionpaper.com

7. ..........में उत्पादन के सभी संसाधनों में परिवर्तन संभव है।

(a) अल्पकाल

(b) मध्यकाल

(c) दीर्घकाल

(d) किसी भी समय

8. परिवर्तनशील अनुपातों का नियम लागू होता है क्योंकि कुछ संसाधन

(a) सीमित हैं

(b) असीमित है

(c) स्थिर है

(d) अत्यधिक है।

9. प्राचीनकाल के सिक्कों की पूर्ति

(a) बेलोचदार है

(b) पूर्णतया बेलोचदार है

(c) लोचदार है

(d) पूर्णतया लोचदार है

10. औसत स्थिर लागत वक्र

(a) x-अक्ष को स्पर्श नहीं करता

(b) y-अक्ष को स्पर्श नहीं करता

(c) कभी शून्य नहीं होता

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

11. पूर्ण प्रतियोगी फर्म........होती है।

(a) कीमत लेनेवाली

(b) कीमत बनानेवाली

(c) की विक्रय लागत शून्य

(d) (a) एवं (c) दोनों

12. संतुलन कीमत से अधिक कीमत पर

(a) वस्तु की माँग अधिक होगी

(b) वस्तु की पूर्ति अधिक होगी

(c) (a) एवं (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

13. न्यूनतम सहायता मूल्य...........होती है।

(a) साम्य मूल्य से अधिक

(b) साम्य मूल्य से कम

(c) साम्य मूल्य के बराबर

(d) इनमें से कोई नहीं

14. परिवार एवं फर्म के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं के प्रवाह को..........कहते हैं।

(a) मौद्रिक प्रवाह

(b) वास्तविक प्रवाह

(c) आय का चक्रीय प्रवाह

(d) पूँजी प्रवाह

BiharboardQuestionpaper.com

15. चार क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के संतुलन की शर्त है

(a) Y = C + I

(b) Y = C + I + G

(c) Y = C + I + G + (X - M)

(d) इनमें से कोई नहीं

16. निम्न में कौन राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाता ?

(a) कर्मचारियों का पारिश्रमिक

(b) परिचालन अधिशेष

(c) स्वरोजगारी की मिश्रित आय

(d) आकस्मिक आय

17. शुद्ध अप्रत्यक्ष कर बराबर है

(a) अप्रत्यक्ष कर - सहायता

(b) अप्रत्यक्ष कर + सहायता

(c) अप्रत्यक्ष कर - प्रत्यक्ष कर

(d) प्रत्यक्ष कर - अप्रत्यक्ष कर

18. सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) एवं सीमान्त बचत प्रवृत्ति (MPS) के बारे में सही कथन है

(a) MPC + MPS = 1

(b) MPC + MPS > 1

(c) MPC + MPS < 1

(d) MPC + MPS = 0

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

19. अवस्फीति अंतराल की स्थिति में

(a) कुल माँग कुल पूर्ति से अधिक होती है

(b) कुल माँग कुल पूर्ति से कम होती है

(c) अर्थव्यवस्था में मूल्य स्तर गिरता है

(d) (b) एवं (c) दोनों

20. न्यून माँग की स्थिति से उबरने के लिए उपाय है

(a) साख में वृद्धि

(b) घाटे का बजट

(c) निवेश को प्रोत्साहन

(d) इनमें से सभी

21. माँग जमा से अभिप्राय है, बैंक में जमा वह राशि

(a) जिसका भुगतान माँगने पर तुरंत हो जाय

(b) जिसका ऋण के रूप में माँग हो

(c) जिसे ए. टी. एम. से निकाला जा सके

(d) (a) एवं (c) दोनों

22. निम्नलिखित में से कौन साख नियंत्रण का परिणामात्मक उपाय नहीं है

(a) बैंक दर

(b) सीमांत आवश्यकता

(c) खुले बाजार की क्रियाएँ

(d) नकद-कोष अनुपात

BiharboardQuestionpaper.com

23. किस घाटा को सरकारी ऋण उगाही द्वारा पूरा किया जाता है ?

(a) प्राथमिक घाटा

(b) आगम घाटा

(c) वित्तीय घाटा

(d) बजट घाटा

24. विदेशी विनिमय की पूर्ति के प्रमुख स्रोत है

(a) वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात

(b) विदेशियों द्वारा प्रत्यक्ष निवेश

(c) विदेशी पर्यटकों द्वारा किया गया खर्च

(d) इनमें से सभी

25. निम्नलिखित में से कौन गैर-विकासशील सार्वजनिक व्यय नहीं है ?

(a) सुरक्षा

(b) कर संकलन

(c) शिक्षा

(d) सहायता

26. निम्न में से कौन चल लागत नहीं है ?

(a) कच्चे माल की लागत

(b) मजदूरी

(c) ईंधन पर खर्च

(d) ऋण पर ब्याज

BiharboardQuestionpaper.com

27. उत्पादन संभावना वक्र

(a) मूल बिन्दु की ओर अवतल होती है।

(b) दोनों वस्तुओं की उपलब्ध चुनावों की सूची को बतलाता है।

(c) इसे रूपांतर रेखा भी कहा जाता है

(d) इनमें से सभी

28. सम सीमांत उपयोगिता नियम के अंतर्गत उपभोक्ता के संतुलन की शर्त है

(a) $\frac{MU_A}{P_a} = \frac{MU_B}{P_B}$

(b) $\frac{MU_A}{MU_B} = \frac{P_A}{P_B}$

(c) (a) एवं (b) दोनों

(d) अपरिभाषित है

29. निम्न में से किस वस्तु के मूल्य वृद्धि से दूसरे वस्तु की माँग वक्र दायी और खिसक जायेगी ?

(a) प्रतिस्थापना

(b) पूरक

(c) आवश्यक

(d) इनमें से कोई नहीं

30. मूल्य ह्रास की राशि को कहते हैं।

(a) प्रतिस्थापना निवेश

(b) निवल निवेश

(c) घिसावट के लिए राशि

(d) केवल (a) और (c)

BiharboardQuestionpaper.com

31. एक ऋजुरेखी माँग वक्र जहाँ x-अक्ष से मिलता है वहाँ मांग की लोच

(a) शून्य होगी

(b) इकाई होगी

(c) अनंत होगी

(d) इनमें से कोई नहीं

32. माँग की लोच को कौन-सा तत्व प्रभावित नहीं करता ?

(a) वस्तु की प्रकृति

(b) स्थानापन्न वस्तु की उपलब्धता

(c) समयावधि

(d) इनमें से कोई नहीं

33. निम्न में से कौन पूर्ण प्रतियोगिता की शर्त नहीं है ?

(a) वस्तु की एक सी इकाइयाँ

(b) बेचने और खरीदने वालों की अधिकता

(c) उत्पादन संसाधनों की पूर्ण गतिशीलता

(d) ट्रेड मार्क या ब्राण्ड नाम

34. एकाधिकार बाजार में जैसे-जैसे बिक्री की इकाइयों बढ़ती है औसत आय

(a) बढ़ती है

(b) घटती है

(c) स्थिर रहती है

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

35. साख नियंत्रण का प्रमुख उद्देश्य है

(a) आर्थिक विकास

(b) मुद्रास्फीति को संकुचन से बचाना

(c) अर्थव्यवस्था को संकुचन से बचाना

(d) इनमें से सभी

36. स्थायी जमा की तुलना में बचत जमा पर ब्याज की दर

(a) ज्यादा होती है

(b) बराबर होती है

(c) कम होती है

(d) काफी ज्यादा होती है

37. भारत एक............अर्थव्यवस्था है।

(a) खुली

(b) बंद

(c) मिश्रित

(d) (a) एवं (c) दोनों

38. साम्य मूल्य से अधिक मूल्य पर बाजार में

(a) अत्यधिक माँग होगी

(b) अत्यधिक पूर्ति होगी

(c) माँग पूर्ति के बराबर होगी

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

39. किसी अर्थव्यवस्था में एक वर्ष के अंतर्गत उत्पादित अंतिम वस्तुओं तथा सेवाओं के मूल्य को कहते हैं

(a) कुल राष्ट्रीय उत्पादन

(b) राष्ट्रीय आय

(c) कुल घरेलू उत्पादन

(d) विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन

40. किसी वस्तु की माँग

(a) उस वस्तु के मूल्य पर निर्भर करती है।

(b) अन्य वस्तुओं के मूल्य पर निर्भर करती है

(c) उपभोक्ता के आय पर निर्भर करती है

(d) इनमें से सभी पर निर्भर करती है।

Biharboard Questionpaper.com

SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 10 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

1. समष्टि अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं ?

2. किसी अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं का वर्णन कीजिए।

3. एक वस्तु उपभोग की स्थिति में उपयोगिता विश्लेषण द्वारा उपभोक्ता संतुलन को दर्शायें|

4. सामान्य वस्तुओं और घटिया वस्तुओं में क्या अंतर है ?

5. किसी वस्तु की बाजार माँग एवं पूर्ति दोनों में वृद्धि होने पर साम्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

6. एक तीन क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में आय एवं उत्पादन के चक्रीय प्रवाह को दर्शायें।

7. स्थिर तथा लोचशील विनिमय दर में क्या अंतर है ?

8. दोहरी गणना की समस्या से क्या तात्पर्य है ? इससे कैसे बचा जाता है ?

9. भुगतान शेष से आप क्या समझते हैं ?

10. राजकोषीय घाटे से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं।

11. माँग की लोच मापने की प्रतिशत विधि की व्याख्या कीजिए।

12. उच्चतम मूल्य नीति की उपयुक्त चित्र द्वारा व्याख्या करें।

13. एकाधिकार बाजार की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा करें।

14. व्यवसायिक बैंकों के विकासात्मक कार्यों की चर्चा करें।

अथवा

केन्द्रीय बैंक के किन्हीं तीन गुणात्मक साख नियंत्रण तकनीक का वर्णन करें।

15. सरकारी बजट के किन्हीं दो उद्देश्यों को संक्षेप में समझाइए।

अथवा

माँग तथा पूर्ति वक्रों की सहायता से विदेशी विनिमय दर के निर्धारण प्रक्रिया को समझाइए

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

BiharboardQuestionpaper.com